हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 देवी-देवताओं व मांझी-मुखियाओं को किया बस्तर ...



11 विधायक की पहल पर बुधराम व खोगुराम की राह हुई आसान



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### बहिगांव में जोहरनी कार्यक्रम 20 को मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**कोण्डागांव।** जिले के एसटी, एससी और ओबीसी मूल निवासी समाज द्वारा जिले के केशकाल क्षेत्र के ग्राम बहिगाँव के केकती मैदान में 20 अक्टूबर को जिला स्तरीय गायता जोहरनी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है । कार्यक्रम में सम्बन्ध में चर्चा हेतु रविवार को फरसगांव के रेस्ट हाउस में बैठक की गई। बैठक में जिलास्तरीय गायता जोहरनी कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में दौरान एसटी एससी ओबीसी मूल निवासी समाज के अध्यक्ष फरसु सलाम ने बताया कि इस कार्यक्रम में छग प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्यातिथि के रूप से शामिल होंगे। विगत 6 अक्टूबर को रायपुर में जाकर मुख्यमंत्री से चर्चा कर कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया गया था। जिन्होंने 20 अक्टूबर को कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही गई है । इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के गायता, पुजारी, पटेल का सम्मान किया जाएगा। जिसमे कोंडागांव जिलेभर के एसटी, एससी और ओबीसी मूल निवासी समाज के लोग शामिल होंगे।

**सुविधा :** दशहरा पर विशाखापटनम रेल मंडल ने शुरू की रेल सेवा

# जगदलपुर-दंतेवाड़ा के बीच चली स्पेशल पैसेंजर को दो दिन बाद मिला रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 100 से अधिक यात्रियों ने लिया लाभ

शारदीय नवरात्र और बस्तर दशहरा महापर्व को ध्यान में रखते हुए विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय का ध्यानाकर्षण हरिभूमि ने किया। जिसके बाद डीआरएम सौरभ प्रसाद के प्रयास से पहली बार जगदलपुर से दंतेवाड़ा के बीच 11 से 14 अक्टूबर तक जनसाधारण स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ट्रेन परिचालन के दो दिनों बाद रविवार को 100 से ज्यादा यात्री ट्रेन से रवाना हुए। सिलकझोड़ी की बालमती बघेल, डिलमिली के मोंडकू मंडावी, ढोढरेपाल के देवी प्रसाद बेंजाम ने कहा कि रेलवे को बस्तर दशहरा के शुरुवाती दिनों से अथवा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस से दन्तेवाड़ा तक लोकल ट्रेन का परिचालन किया जाना था, जिससे दूर दराज के ग्रामीणों ▶▶| शेष पेज 10 पर



### आज दो फेरा में यात्रियों की अच्छी भीड़

रविवार को जगदलपुर से दोपहर पौने 3 बजे 7 बोगी की जनसाधारण स्पेशल ट्रेन में 100 से ज्यादा यात्री गंतव्य के लिए रवाना हुए। आज जनसाधरण स्पेशल ट्रेन के दो फेरा में यात्रियों की अच्छी भीड़ देखने को मिली। पहला फेरा सुबह 5 बजे और दूसरा दोपहर पौने 3 बजे काफी संख्या में यात्री ट्रेन सफर का आनंद उठाया।

### अगले साल स्पेशल ट्रेन का ड्यूरेशन बढ़ाया जाएगा

विशाखापटनम रेल मंडल 11 से 14 तक जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक जनसाधारण स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। आने वाले वर्ष में स्पेशल ट्रेन का ड्यूरेशन बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही नवरात्र के पहले दिन से परिचालन हो सके इस पर योजना बनाई जाएगी।

- **सौरभ प्रसाद, डीआरएम,** रेलमंडल विशाखापटनम

# अंधेरे में रावण दहन होने से नगरवासियों में मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

■ बंद फ्लड लाइट को चालू करने में नगर पालिका ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

भोपालपटनम में प्रतिवर्ष दशहरा का महापर्व उत्साह एवं उमंग से मनाया जाता है। लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी की लापरवाही के चलते इस वर्ष रावण दहन का कार्यक्रम धुप अंधेरे में हुआ। जिसके कारण लोगों में मायूसी देखी गई। विजयादशमी को स्व. राजेंद्र पामभोई मिनी स्टेडियम में यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन स्टेडियम में लगे फ्लड लाइट शार्ट-शर्किट की वजह से बंद रहने से मैदान में अंधेरा छाया रहा। जिस वजह से रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न कराने में आयोजन समिति को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने नगर वासियों की मांग पर जीर्ण-शीर्ण मिनी स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराते हुए फ्लड लाइट की व्यवस्था किया था। किन्तु सत्ता परिवर्तन होते ही रख-रखाव के अभाव में मिनी स्टेडियम अंधेरे में तब्दील हो गया है। ज्ञात हो कि सामुदायिक गतिविधियों के विभिन्न आयोजनों ▶▶| शेष पेज 10 पर

# देवी हिंगलाज का छत्र पहुंचने पर सिंधु भवन में किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिद्ध शक्तिपीठ देवी मंदिर बेड़ागांव से हिंगलाज माता रानी का छत्र सिन्धु भवन पहुंचा। जहां समाज के पदाधिकारियों सहित सदस्यों ने विधिवत पूजा पाठ किया। समाज अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि माता हिंगलाज देवी का छत्र सिन्धु भवन में आमंत्रित किया गया यह पांचवां वर्ष है। बेड़ागांव हिंगलाजिन मन्दिर के पुजारी



लोकनाथ छत्र लेकर सिन्धु भवन पहुंचे सदस्यों ▶▶| शेष पेज 10 पर

# क्रशर प्लांट प्रदूषण की रोकथाम के नियमों का कर रहे उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ पर्यावरण संरक्षण मंडल का ध्यान नहीं

बस्तर संभाग के सातों जिलों में संचालित हो रहे क्रशर प्लांट द्वारा प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण पर अधिनियमों को बेखौफ उल्लंघन कर रहे हैं। शहर के निकट कंगोली स्थित केरशर प्लांट में दिन में धूल का गुब्बार से आसपास के रहवासी परेशान हो गए हैं। उद्योग संचालक की ओर से पर्यावरण संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, इस ओर पर्यावरण संरक्षण मंडल का ध्यान



नहीं दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसमें जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124



## खबर संक्षेप



### अकादमी में डॉग स्क्वायड की दी जा रही ट्रेनिंग

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में बीते एक साल से अभ्यर्थियों को आर्मी, नेवी, थल सेना, अग्निविर, जीडी पुलिस, एसएसी, होमगार्ड, फिजिकल फिटनेस की निःशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू, प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू ने बताया कि अकादमी में डॉग स्क्वायड की भी ट्रेनिंग शुरू हो गई है। ज्ञात हो कि डीजी ट्रेनिंग अकादमी में कालिया, टाइगर, साधु, लाला, डाबर, मोती डॉग्स शामिल हैं। ये सभी सुबह पांच बजे ट्रेनिंग के लिए ग्राउंड में उपस्थित हो जाते हैं।

### राजपुर में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का स्वागत

**मगरलोड।** राज्य सरकार ने धमतरी जिले के ग्राम बारना निवासी नेहरू राम निषाद को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाया। ग्राम राजपुर में जिला निषाद समाज के कोषाध्यक्ष शंभू निषाद के निवास में उनका आगमन हुआ।

### माता को नम आंखों से दी विदाई



**बगदेही (धमतरी)।** नव युवा दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कोर्रा के बाजार चौक में नवरात्रि पर्व पर माता की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पूरे 9 दिन तक विधि- विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक दिन जस झांकी की सुंदर प्रस्तुति, भंडारा, ज्योति कलश स्थापना, भव्य झांकी व जात्रा निकाला गया। माता को नम आंखों से विदाई दी गई। ग्राम में माता की झांकी की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य मुन्ना, अमन, भारती, पंकज, देवेंद्र समेत अन्य उपस्थित थे।

### मिनी झांकी में बच्चों ने कला कौशल का किया प्रदर्शन



**कुरूद।** विगत कुछ वर्षों से कुरूद नगर में छोटे बच्चों की कलात्मकता और प्रतिभा को नया आयाम देने के लिए मिनी झांकी स्पर्धा का आयोजन हो रहा है। इस बार भी अणुबम गणेश उत्सव समिति ब्राम्हणपारा आजाद चौक और श्री राधाकृष्ण मंदिर गणेश उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया। ब्राह्मणपारा में शुक्रवार रात्रि 8 बजे से इसका आयोजन हुआ। अनुबम गणेश उत्सव समिति द्वारा मंच बनाकर सभी मिनी झांकियों का स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न वार्डों के बच्चों और उनकी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक मिनी झांकी का प्रदर्शन किया गया। सरोजनी चौक से डेमन साहू, अणुबम गणेश उत्सव से प्रिंसु बैस, पचरीपारा से पुष्कर ध्रुवंशी, दानीपारा से गोगा सिन्हा, कचहरी चौक से जय यादव, इंदिरा नगर से आकाश शर्मा, कचहरी चौक से ही सिद्धार्थ निर्मलकर, सूर्य नमस्कार चौक से चैतन्य देवांगन, संजय नगर से धैर्य साहू, हुतात्मा चौक से आर्य चंद्राकर, गांधी चौक से गोपी सिन्हा, दानीपारा से चिंटू देवांगन, सरोजनी चौक से मोहित ध्रुव, दिव्य हनुमान मंदिर से विकास साहू, कलारपारा से जितेंद्र सिन्हा, आजाद चौक से हर्षु बैस, भोईपारा से बंटी रतलानी सहित बच्चों की टीम ने मनभावन और शानदार झांकी का प्रदर्शन कर मन मोह लिया। सभी झांकी को आयोजकों द्वारा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# बस्तर मड़ई में आयोजित विभागीय प्रदर्शनी से जनता ले रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में नागरिकों की गहरी रुचि देखी जा रही है। प्रदर्शनी में विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी नागरिकों को प्रदान की जा रही है। जिससे वे सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

प्रदर्शनी में पुलिस, ग्रामीण विकास, कृषि, वन, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, जनसंपर्क और हथकरधा जैसे प्रमुख विभागों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। नागरिकों को इन स्टॉलों पर नियद नेल्लानार, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आजीविका मिशन के साथ-साथ केंद्रीय और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। मेले में आए स्थानीय कुम्हारपारा निवासी पंकज झा ने कहा, सरकारी योजनाओं के बारे में यहां जो जानकारी मिल रही है, उससे हमें यह समझने में मदद मिल रही है कि हम किस तरह से इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। प्रदर्शनी में शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए, जिससे अन्य नागरिकों को प्रेरणा मिली और वे योजनाओं से जुड़ने के प्रति उत्साहित नजर आए। मैदान में चल रहे क्षेत्रीय सरस मेला में जनता का जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। मेले में आए लोग बड़ी संख्या में विभिन्न स्टालों पर पहुंचकर स्व-सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना कर रहे हैं।

## सरस मेला में जनता ने दिखाया उत्साह, दुकानों में पहुंच कर उत्पादों की कर रहे सराहना

### सांस्कृतिक धरोहर को भी कर रहे प्रदर्शित

मेले में प्रदर्शित वस्तुओं में हस्तशिल्प, कृषि आधारित उत्पाद, वनोपज, और स्थानीय पारंपरिक खाद्य सामग्री शामिल हैं। विशेष रूप से कोदो, कुटकी, रागी, बेलमेटल उत्पाद, आचार, पापड़, बड़ी, अगरबत्ती और कपड़ा बुनाई के स्टॉल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। मेले में आई भावना ने कहा यह मेला हमारे स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को जानने और खरीदने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। यहां के उत्पाद न केवल गुणवत्ता में श्रेष्ठ हैं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी दर्शाते हैं।



### सफल महिलाओं की कहानियों से हो रहे प्रेरित

उद्घाटन के बाद से ही मेले में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है, और स्थानीय उत्पादों की बिक्री में भी इजाफा हो रहा है। मेले में आए प्रतिभागी और आगंतुक न केवल खरीदारी का आनंद ले रहे हैं, बल्कि वे लखपति महिला पहल के तहत सफल महिलाओं की कहानियों से भी प्रेरित हो रहे हैं।

## परंपरा : जिलेभर से चौपाटी पहुंचे, विधायक ने जगदलपुर भेजा

# देवी-देवताओं व मांझी-मुखियाओं को किया बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ विशेष अनुष्ठान के बाद हुए रवाना

बस्तर का ऐतिहासिक दशहरा पर्व, जो आदिवासी परंपरा और आस्था का प्रतीक है। जिसमें हर वर्ष जिलेभर से देवी-देवताओं, मांझी-मुखिया, चालकी, गायता और पुजारियों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस परंपरा को और भव्य बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी ग्राम देवी-देवताओं को एकत्रित कर बस्तर के लिए रवाना करने की परंपरा कोण्डागांव में वर्ष 2016 से शुरू हुई थी। इस साल भी उसी परंपरा का निर्वहन किया गया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने श्रद्धा और उत्साह के साथ जिलेभर से आए ग्राम देवी-देवताओं को शनिवार को चौपाटी से जगदलपुर के लिए रवाना किया।

बस्तर दशहरा की यह परंपरा सदियों पुरानी है। जिसमें बस्तर अंचल के देवी-देवता अपने पुजारियों और ग्राम प्रतिनिधियों के साथ शामिल होते हैं। दशहरा के दौरान देवी-देवताओं की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। जिसे देखने और उसमें भाग लेने के लिए सैकड़ों लोग जुटते हैं। पहले जिले के विभिन्न परगनाओं के देवी-देवता अलग-अलग स्थानों से बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए जाते थे। परंतु 2016 में, उस समय के कोंडागांव कलेक्टर और वर्तमान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम द्वारा पहल की गई कि सभी देवी-देवताओं को एक स्थान पर एकत्रित किया जाए। जिससे उनके आगमन को अधिक संगठित और प्रभावी बनाया जा सके। इसके तहत जिला प्रशासन ने कोण्डागांव को एक केंद्रीकृत स्थान के रूप में चुना और यहां से सभी देवी-देवताओं को एक साथ रवाना करने की परंपरा शुरू हुई। इस परंपरा के तहत इस वर्ष भी कोण्डागांव जिले के विभिन्न ग्रामों से देवी-देवताओं को यहां एकत्रित कर विशेष अनुष्ठान के बाद उन्हें रवाना किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगती पटेल, आदिम जाति कल्याण विभाग से डॉ. रेशमा खान, कोंडागांव तहसीलदार और अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विजयदशमी पर फरसगांव थाने में की गई शस्त्र पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बुराई पर अच्छाई के विजय पर्व विजयदशमी पर शस्त्र पूजने करने की परंपरा सदियों पुरानी है। फरसगांव थाने में पुलिस के जवानों ने शनिवार को विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजन किया। जहां पुलिस एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा , थाना प्रभारी संजय सिंदे, सहायक उप निरीक्षक पीताम्बर कठार, किशोर प्रजापति , प्रधान आरक्षक लोकेश मरकाम, सलीम तिग्गा, ममता ठाकुर, जयश्री ध्रुव , साधना सिंह, बीना कोमरा, आरक्षक कृष्णा सोनवानी, कृष्णा सेठिया, हेमा सार्दुल , घनश्याम यादव, प्रेम मरकाम, भानुप्रिया , धनीराम सलाम, भुनेश्वर मरकाम, आशा जायसवाल, वितावरी पांडे, पैरालीगल वलन्टियर धनबति सहीत पुलिस कर्मियों ने हवन कर शस्त्रों का पूजन किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार विजयादशमी बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। ऐसे में पुलिस का प्रयास है कि वह बुरा काम करने वाले, देश विरोधी ताकतों और झगड़ा करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई कर सके।

# दशहरा पर सिदावन में लोकरंजनी कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

दशहरा पर ग्राम पंचायत सिदावन में नवयुवा संगठन समिति के नेतृत्व में लोक रंजनी राजनांदगांव का कार्यक्रम का आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव रहे। इस दौरान रामलाल नाग पूर्व सरपंच राजो बाई नाग सरपंच, खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, देवलाल नाग, मनकु राम नाग, कपिल देव नाग ग्राम पटेल, दसमु राम मांडवी शीतलापुजारी, बलिराम नाग, विजय नाग उपसरपंच, देवेंद्र पटेल, कृष्णा नाग कार्यक्रम संरक्षक, संतोष नाग अध्यक्ष समिति कमलेश नाग मौजूद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मतलाम ने शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान ग्राम सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिलौटी में रंगमंच बनाने की घोषणा की



**अंवरी।** नवदुर्गा समिति सिलौटी द्वारा दुर्गा उत्सव मनाया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, गोविंद साहू जिला पंचायत सदस्य धमतरी, द्रोणाचार्य साहू,गिरधर साहू सरपंच ने दुर्गा मां की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री साहू ने कहा कि जिस तरह मां दुर्गा की 9 दिन तक पूजा अर्चना की गई। उसी तरह घर में अपने माता-पिता की भी सेवा करें। ग्रामवासियों की मांग पर उन्होंने गांव की आबादी पारा में रंगमंच बानाने की घोषणा की। मौके पर दुर्गा समिति अध्यक्ष दिलीप साहू, सोमन साहू, निरंजन साहू, अर्जुन साहू, शिवप्रसाद पटेल, गिरधारी साहू, धनेश साहू, श्यामू साहू, विजय साहू, राजा साहू उपस्थित थे।





# जेवेश का राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव जुगानी कैम्प से उभरते क्रिकेटर जेवेश गाईन मात्र 11 वर्ष की आयु में अपनी खेल प्रतिभा से सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उनका चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए हुआ है, जो कि छत्तीसगढ़ के मरवाही पेंड्रा में 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। बस्तर जॉन की टीम से खेलते हुए जेवेश एक ऑलराउंडर खिलाड़ी के रूप में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में माहिर हैं। जेवेश के कोच और प्रेरणा उनके पिता रामकृष्ण गाईन हैं। पिता-पुत्र की इस जोड़ी ने क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण और अनुशासन से खेल में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखा है। रामकृष्ण गाईन ने अपने बेटे को बचपन से ही क्रिकेट की बारीकियां सिखाईं और अब यह अवसर उनके बेटे को साबित करने का है।

# शांति फाउंडेशन का सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शांति फाउडेशन का 10 अक्टूबर को गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय, चन्द्रप्रकाश कश्यप प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय नारायणपुर ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शांति फाउंडेशन कोण्डागॉव के कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सचिव द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस के अवसर पर मानसिक रोगियों को उनके हालचाल व वार्तालाप करते हुए उनकी समस्या के बारे में पूछताछ किया गया। निर्देश दिया गया कि माह में मानसिक लोगो के लिए शारिरिक स्वास्थ शिविर लगाकर जांच किया जाए। निरीक्षण के दौरान शौचालय व स्नान गृह में गंदगी पाया गया। जिससे बदबू मानसिक रोगियो के कक्ष में फैल रहा था। जिससे बीमारी होने की संभावना है। साथ ही सप्ताह मे दो बार सभी रोगियों के कपड़े धुलवाने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक रोगियों को उनके अधिकारों एवम उनको मिलने वाली लाभ के संबंध में अवगत कराया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान शांति फाउडेशन के प्रभारी आकाश सोनी, पीएलवी हसीना खान, जरीना बानो, पारेश्वर देंवागन, विवेक कश्यप व संस्था का स्टाफ उपस्थित रहा।

## पेज 9 के शेष

### जगदलपुर-दंतेवाड़ा...

को सुविधा होती। खासकर बस्तर के ऐसे कई सुदूर गांव है, जो रेल और रोड कनेक्शन से दूर है। क्षेत्र के लोगों को कई किमी पैदल चलकर पहुंचना पड़ता है, तब कही वे बस अथवा टैक्सी में सवार होकर दशहरा देखने जगदलपुर पहुंचते है। ग्रामीणों ने बताया दंतेवाड़ा तक लोकल ट्रेन की सेवा शुरू करने से सुदूर ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। ग्रामीणों ने हरिभूमि के माध्यम से रेल विभाग से आग्रह किया है कि आने वाले वर्ष में नवरात्र के पहले दिन से यात्री ट्रेन की व्यवस्था हो।

### अंधेरे में रावण ....

को संपन्न कराने के लिए भोपालपटनम का मिनी स्टेडियम ही एकमात्र स्थल है। मिनी स्टेडियम सहित शहर की अव्यवस्था के संबंध में पूछे जाने पर जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि नगरीय प्रशासन को साफ-सुथरा रखते हुए शहर में सुचारु रूप से बिजली व्यवस्था करनी चाहिए ताकि रात में शहर के भीतर पर्याप्त रोशनी बनी रहे। त्योहारों के दौरान शहर का विशेष ध्यान भी रखना चाहिए। मिनी स्टेडियम में बंद पड़े फल्ड लाइट के सम्बन्ध में उन्होंने इसके तत्काल सुधार करने कलेक्टर को पत्र लिखने की बात कही।

### देवी हिंगलाज ...

द्वारा विधिवत पूजा कर आतिशबाजी एवं फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। महिला विंग सुहिणी सोच द्वारा हिंगलाजिन माता रानी के भजन गाए, अरदास एवं पल्लव भोग किया गया। इस दौरान भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खत्री समाज के पदाधिकारियों सहित सदस्यों की भी उपस्थिति रही।

### क्रशर प्लांट प्रदूषण ....

अधिनियम, 1974 की धारा 33 ए और वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 ए का उल्लंघन किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी ने जारी नोटिस देकर तत्काल प्रभाव से अमल करवाएंगे का निर्देश देंगे। इसके अलावा उद्योगों की बिजली कनेक्शन काटने के लिए विद्युत कंपनी को पत्र भेजा जाएगा।

प्लांट का करेंगे निरीक्षण : पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी एस पिस्दा ने इस संबंध में बताया कि क्रेशर प्लांट का शीघ्र ही निरीक्षण करेंगे और उद्योग संचालक को नोटिस देंगे।



## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष बने अनोज सिंह



**दंतेवाड़ा।** नगर स्थित सर्किट हाउस दंतेवाड़ा में रविवार को दंतेवाड़ा जिले के समस्त ठेकेदारों की बैठक आहूत की गई। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, मीडिया प्रभारी का नाम प्रस्तावित किया गया एवं अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग के माध्यम से कार्यकारणी अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कौरव, राजीव पिल्लई, गुलाब सिंह, राजा गुप्ता, साजन सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव अम्बुज द्ववेदी, सह सचिव बृजेश शर्मा एवं मीडिया प्रभारी नागेश पुजारी को सर्व सम्मति से चुना गया है। साथ ही सदस्य के रूप में समस्त ठेकेदार और संरक्षण के रूप में समस्त अनुभवी ठेकेदार को सम्मलित किया गया है।

### कासोली में दशहरा उत्सव



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली में 22वां दशहरा महोत्सव रावण वध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हजारों लोग उत्सव में शामिल हुए। गौरतलब है कि कासोली में विगत 22 वर्षो से दशहरा पर्व आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को जगराता कार्यक्रम से हुई। तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलवार, बुधवार एवं रामलीला गुरुवार व शुक्रवार को आयोजित की गई। शनिवार को रावण वध, आतिशबाजी तथा बस्तरीय नाट एवं क्षेत्रीय नाचा मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

### आरू साहू आज भानपुरी में



**भानपुरी।** सोमवार को छत्तीसगढ़ लोकगीत गायिका आरू साहू का कार्यक्रम भानपुरी करंदोला मां दुर्गा समिति के द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन भानपुरी स्टेडियम में भव्य तैयारी के साथ किया गया है। समिति ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने आग्रह किया है।

### शहर में मना विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह



**जगदलपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस अवसर पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तीसरे दिवस डीएमएचपी टीम बस्तर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों हेतु कार्य स्थल पर तनाव प्रबंधन कार्यशाला संपन्न किया गया। इसमें कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन, डीएमएचपी टीम बस्तर तथा यूनिसेफ, युवोदय, साथी, एग्रिकोन आदि संस्थाओं के परस्पर समन्वय से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कलेक्टर ऑफिस के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तनाव और उससे बचने के उपायों का प्रस्तुतिकरण का मुख्य आकर्षण केंद्र तनाव प्रबंधन कार्यशाला, मनोसामाजिक गतिविधियां एवं खेल, म्यूजिक एवं आर्ट थेरेपी, वीडियो स्क्रीनिंग एवं योग एवं प्राणायाम कराया गया।

डिवाइस और बैटरी चलित ट्राइसिकल की मांग दो दिन में हुई पूरी

# विधायक की पहल पर बुधराम व खोगुराम की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

शासन-प्रशासन दिव्यांगों के लिए न जाने कितनी योजनाएं संचालित कर रही है। पर जीवन निर्वाह के लिए मंदिरों में भिक्षाटन ही उनकी नियति बन गई है। लेकिन माता के दरबार में मन की मुरादें जरूर पूरी होती है। शुक्रवार को विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल अपने गृह ग्राम गिरोला में वर्षों से नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भिक्षाटन करने वाले दो दिव्यांगों बुधराम और खोगुराम को जब बैटरी चलित ट्राइसिकल और डिवाइस उपलब्ध कराये, तो उनकी आंखों से आंसू बहने लगे, पर यह खुशी के आंसू थे।

हुआ यूं कि विधायक बघेल नवरात्रि षष्ठी के दिन बुधवार को गृह ग्राम गिरोला में कुलदेवी माता हिंगलाजिन का दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान गेट के समीप भिक्षाटन कर रहे दो दिव्यांग को देखकर मिले, उनसे उनके जीवन निर्वाह पर चर्चा की। दिव्यांग बुधराम ने विधायक बघेल से निडरता से मांग करते हुए कहा कि हमें बैटरी चलित साइकिल चाहिए। बस्तर विधायक ने उनकी हौसला अफजाई करते कहा कि जरूरत के चीजों के लिए बोलना सर्वधर्म हैं, कभी पीछे की ओर नहीं जाना चाहिए।



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने दिव्यांगजनों की मांग का सम्मान रखते हुए तुरंत दो दिनों में ही उचित व्यवस्था करते हुए अष्टमी के दिन मंदिर परिसर में विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, सरपंच सत्येंद्र गागड़ा, पुजारी लोकनाथ बघेल, जितेंद्र तिवारी, मोना पाढ़ी, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, डमरू सेठिया, रामचंद्र नाग एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रदान किया। इस अवसर पर लखेश्वर बघेल ने कहा कि दिव्यांग बैटरी चलित ट्राई साइकिल के माध्यम से न सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपने कार्य से आसानी से जा सकेंगे, बल्कि ट्राई साइकिल से वह छोटे स्तर का रोजगार भी कर सकेंगे।

### क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए की प्रार्थना

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी और महानवमी के पावन अवसर पर मां हिंगलाजिन और माता दंतेश्वरी की संधि पूजा एवं विशेष श्रृंगार पूजा के आयोजन में सम्मिलित होकर प्रदेश और क्षेत्रवासियों के कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# आवास मेला में हितग्राहियों को मिला पूर्णता प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अब सूदूर अंचलों के ग्राम पंचायतों में कारगर साबित होती नजर आ रही है।

इसी कड़ी में सूदूर अंचल क्षेत्र उसूर जनपद पंचायत स्तरीय में पीएम आवास मेला का आयोजन पखवाड़े में किया गया। जनपद पंचायत सीईओ प्रभाकर चंद्राकर ने बताया कि,आवास मेला में पूर्ण आवासों के हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चाबी वितरण एवं वर्ष 2024-25 में जनपद पंचायतों से स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा योजनांतर्गत समय पर आवास निर्माण हेतु तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया है। सीईओ प्रभाकर चंद्राकर ने बताया, कि कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार व मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत उसूर में जनपद स्तरीय पीएम आवास मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि, जिन हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति दी गई है। उनके चेहरे पर खुशियां देखी जा सकती है। हितग्राहियों का कहना था कि, हमारा भी समय आ गया है। अब हम पक्के मकान में निवास करेंगें। उन्होंने ने बताया कि, हितग्राहियों ने स्वयं का पीएम आवास पाकर उन्होंने अपना अनुभव बयां किया है। उनका कहना था स्वयं का आवास पाकर अब सम्मानित महसूस कर रहे है, बरसों से आवास का सपना संजोए थे। जो अब पूरा हो गया है। इस दौरान जनपद के जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, सचिव और आस-पास के ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित थे।

## तपेश्वरी माता मंदिर में स्थापित कलशों का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत समलूर स्थित तपेश्वरी माता के प्राचीन मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन ज्योति कलश विसर्जन के साथ आज हुआ। इस मौके पर हवन-पूणार्हुति व भंडारा का आयोजन किया गया। इसके बाद मंदिर से बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गांव से होकर बहने वाली नदी में ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। मंदिर में इस बार 160 ज्योति कलश स्थापित किए गए थे। स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विधायक चैतराम अटामी व दिव्य जीवन संघ आश्रम गुमरगुंडा के संचालक स्वामी विशुद्धानन्द ने भी यहां पहुंचकर माता के दर्शन किए। गौरतलब है कि तपेश्वरी माता इस क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी के रूप में विख्यात हैं। यहां देवी खुले आसमान के नीचे विराजित हैं।

## ढोल नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

नकुलनार महाराणा प्रताप चौक में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का रविवार को बंगीय समाज के ट्रेडिशनल ढोल के बीच बड़े ही धूम धाम से विसर्जन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम सुबह 11 बजे नकुलनार चौक से शुरू हुआ, जो देरशाम 4 बजे मसेनार गांव के पास नदी में विसर्जित कर समापन किया गया। दुर्गा समिति के नवयुवकों ने सबसे पहले वाहन को सजाकर देवी दुर्गा प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा नकुलनार, हितावर और कुआकोंडा ब्लॉक मुख्यालय तक निकाली। जिसे देखने बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ लगी रही।

### निकाली कलश यात्रा

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिये ग्राम की महिलाएं माताएं और छोटी कन्याओं ने एक कलशयात्रा निकाली। जो दुर्गा जी की झांकी के साथ पैदल नगर भ्रमण में शामिल थी। जगह-जगह आतिशबाजी और गुलाल उंडेलकर जयकारा लगाते भक्त इस विसर्जन कार्यक्रम में भक्ति के रंग में सराबोर नजर आये। 11 गाड़ियों और 50 बाइक पर सवार होकर भक्तगण विसर्जन के इस काफिले में शामिल हुए। इस दौरान कुआकोंडा पुलिस यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में लगी थी।



### ढोल ने किया कमाल

बंगीय समाज ट्रेडिशनल ढोल समिति के सदस्यों ने मंगवाया था। 60 महिलाओं और पुरुषों का जत्था लगातार ढोल की थाप बजा रहे थे। इस ट्रेडिशनल ढोल को बजाने पहुंची टीम ने पारंपरिक वेशभूषा धोती कुर्ता और सफेद लाल पट्टी की साड़ी पहनी महिलाएं बेहद ही आकर्षक लग रही थी। विदित हो कि इस विसर्जन में पहली बार इतनी धूम नजर आई, जहां दुर्गा मां को विदाई देने पूरा गांव पहुंचा था।



### नदी तट पर हुई आरती

विसर्जन से पूर्व विशेष पूजा-अर्चना ग्राम पुरोहित पंडित सुनील मिश्रा ने किया। इसके उपरांत सभी महिलाओं ने एक-एक करके नदी की बीच धार में कलश प्रवाहित किया। फिर मां दुर्गा की प्रतिमा जयकारों की गूंज के साथ नवयुवकों ने गहरे जल में प्रवाहित कर दिया।

## बुनकरों के तैयार हैंडलूम उत्पाद किए जा रहे पसंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर मड़ई 2024 के उपलक्ष्य में शनिवार से सरस मेले और विभागीय प्रदर्शनी का शुभारंभ लाल बाग मैदान में हुआ। दशहरा के बाद सरस मेले में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। मेले में हथकरघा कार्यालय जगदलपुर का भी विभागीय प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि स्टाल नंबर 22 विभागीय प्रदर्शनी है, जबकि 23 से 26 विक्रय केंद्र है, जहां प्रदेश भर से आये हुए बुनकरों द्वारा हैंडलूम के उत्पाद कपड़ों की बिक्री सामान्य दर पर की जा रही है। इसे लोगों का भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। वे बढ़-चढ़कर हैंडलूम की खरीदारी कर रहे है।

■ दशहरा में सरस मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

## सिंदूर खेला उत्सव में निखरे रंग...







**जगदलपुर।** शारदीय दुर्गोत्सव के तहत रविवार को मैत्री संघ परिसर में बंगाली परिवार की महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज ने अनूठी परंपरा का निर्वहन करते हुए मां दुर्गा के दरबार में रविवार प्रात: महाआरती कर विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया। विजय दशमी के अवसर पर बंगाली समाज की महिला और पुरुषों ने पारंपरिक पोशाक में माता दुर्गा जी की दशमी की पूजा-अर्चना की, एक-दूसरे को मीठा खिलाकर शुभ विजया की शुभकामनाएं दी। महिलाओं ने हर्ष उल्लास के साथ ढ़ाकी की ताल पर नृत्य कर सिन्दूर खेला का उत्सव मनाया। माता दुर्गा को सिन्दूर दान कर अमर सुहाग की कामना की।

## माता की विदाई में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**भानपुरी।** नवरात्र के नौ दिनों तक स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को किया गया। ढोल बाजे और रंग गुलाल, फटाकों के बीच भक्तिमय वातावरण में करंदोला के भक्तों ने माता की विदाई की।

नवरात्र पर्व के आयोजन को लेकर मां दुर्गा समिति करंदोला भानपुरी के द्वारा माता शीतला मंदिर प्रांगण में विधिवत मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया था। जहां ग्रामीणों के सहयोग से एक शानदार आयोजन किया जाता है। गुरूवार को हवन भंडारे के बाद रावण दहन कार्यक्रम रखा गया था। नौ दिनों तक पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। हर मंदिर में भव्य आयोजन किया गया था। नृसिंह मंदिर मुरकुची, दंतेश्वरी मंदिर केशरपाल व शीतला माता मंदिर भानपुरी में आकर्षक साज-सज्जा किया गया था। अंतिम दिवस मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय तालाब में बड़े ही धूम-धाम से संपन्न हुआ। राजमार्ग में रैली के दौरान भानपुरी पुलिस भी व्यवस्था में लगी रही। देर शाम विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661


Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विजयादशमी पर शस्त्र पूजा



**जगदलपुर।** विजयादशमी पर्व पर कोतवाली थाने के शस्त्रागार में टीआई शिवानंद सिंह ने पूजा-अर्चना की।

### कांग्रेस भवन में भंडारा



**जगदलपुर।** राजीव भवन में भंडारा में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाया। शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के साथ अमर नाथ सिंह और अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### ओरना कैंप में किरण देव ने दी श्रद्धालुओं को प्रसाद



**जगदलपुर।** मिलन संघ ओरना कैंप आड़ावाल के भंडारा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को माता का प्रसाद वितरण किए। इस दौरान मिलन संघ के सदस्य व जनप्रतिनिधि समेत कार्यकर्ता शामिल थे।

### बाजार में 50 रुपए किलो में बिका टमाटर

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में टमाटर 50 रुपए किलो में बिका। वहीं प्याज की दर में 10 रूपए कमी हुई है। बाजार में टमाटर 50, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 80, आलू 40, प्याज 60, अदरक 200, लहसून 400, खेक्सी 120 रुपए किलो में बिका।

# सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव मुलेर में सड़क नहीं होने से ग्रामीण बिजली से वंचित

## नियद नेल्लानार योजना में 96 में से 36 गांव हुए रोशन, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 4 जिले के 60 गांवों में बिजली पहुंचाने में जुटे विद्युत कंपनी के अधिकारी व कर्मी

विद्युत कंपनी हर गांव हर घर को रोशन करने के लिए जुटे हुए हैं। नियद नेल्लानार योजना में बस्तर संभाग के सातों जिलों के 96 गांव को रोशन करने का लक्ष्य था, जिसमें 36 गांवों को रोशन किया गया। वहीं इसमें से सुकमा जिले में 23, बीजापुर जिले में 29, दंतेवाड़ा जिले में एक एवं नारायणपुर जिले में 7 गांवों को विद्युतिकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें से दंतेवाड़ा जिले के गांव मुलेर तक जाने के लिए सड़क नहीं है और जो पगडंडी है उसे जगह-जगह से काटा गया है, जिसके चलते वाहन नहीं चल पा रही है। मार्ग सुगम नहीं होने के चलते पोल, ट्रांसफार्मर आदि ट्रक ले जाने में मुश्किल हो रही है। यहां कारण है कि इस गांव में आजादी के 77 साल बाद भी बिजली से वंचित है, जिससे ग्रामीणों परेशान है और गांव के बच्चे रात में चिमनी से पढ़ रहे हैं।

### पोल के लिए मार्ग सुगम नहीं

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि मार्ग सुगम होने से गांव तक बिजली पहुंच सकेगी। जगह-जगह पगडंडी कटने से पोल, ट्रांसफार्मर गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है।



### स्वीकृत होने से बनेगी सड़क

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने इस संबंध में बताया कि मुलेर गांव तक सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति के लिए भेजा गया है। स्वीकृत होते ही सड़क निर्माण कार्य की प्रक्रिया की जाएगी।

## समाज के ही दो पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर मामला कोतवाली में दर्ज

# गरबा को लेकर बाल विहार विद्यालय में हुआ विवाद पहुंचा थाने तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




■ कई मामलों में विद्यालय के खिलाफ चल रही है जांच

गुजराती समाज द्वारा संचालित शहर के निजी शिक्षण संस्था बाल विहार हायर सेकेण्डरी स्कूल में गरबा के आयोजन में विवाद की स्थिति निर्मित हुई। विवाद गुजराती समाज के ही लोगों के बीच हुआ।

बताया गया कि 10 अक्टूबर की रात को दो पक्षों में मारपीट हुई। इस मामले में दोनों पक्ष ने सिटी कोतवाली में कांउटर एफआईआर दर्ज करवाया है। स्कूल में इनामी कूपन बांटे जा रहे थे। जो सिर्फ समाज के लोगों को ही दिया जा रहा था। इस दौरान एक युवक ने समाज के ही एक व्यक्ति से यह पूछ लिया कि वह समाज का सदस्य हैं या नहीं। बस इसी बात पर समाज का ही व्यक्ति भड़क गया जिसके पश्चात बात गाली गलौच और मारपीट तक पहुंच गई। दोनों पक्ष ने थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया है। टीआई कोतवाली शिवानंद सिंह ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि पंकज भानुशाली की शिकायत पर विनोद भानुशाली और हरेश भानुशाली पर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं कांउटर एफआईआर के तौर पर विनोद भानुशाली की शिकायत पर पंकज भानुशाली और दीपक भानुशाली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस तरह पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अपराध क्रमांक 468/24 आरोपी पंकज भानुशाली एवं दीपक भानुशाली पर धारा 296, 115 (2), 351 (2) 3 (5) तथा अपराध क्रमांक 469/24 आरोपी विनोद भानुशाली एवं हरेश भानुशाली पर धारा 296, 115 (2), 351 (2) 3 (5) का मामला बनाया गया है। टीआई ने बताया कि दोनों पक्ष से पूछताछ के बाद कार्रवाई होगी।

### समाज भवन के रहते स्कूल में होता है गरबा

शहर में गुजराती समाज का भव्य भवन है उसके बावजूद स्कूल परिसर बाल विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर साल गरबा का आयोजन होता है। नवरात्र के समय विद्यालय परिसर में गरबा, डांडिया होने से शिक्षण कार्य प्रभावित होता है साथ ही अन्य तरह की समस्याओं का भी सामना विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षक, शिक्षिकाओं को करना पड़ता है। कई बार शिकायत के बावजूद गुजराती समाज और शिक्षण समिति के द्वारा गरबा का आयोजन समाज भवन में न कराकर स्कूल में ही कराया जाता है।

### स्थायी शेड बनने से खेल मैदान बाधित

यहां एलकेजी से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित होती है। नियमानुसार बच्चों के लिए विशाल खेल मैदान आवश्यक है। लेकिन केवल गरबा के आयोजन के लिए शिक्षण समिति ने यहां भव्य शेड बना लिया है। जिसके कारण विद्यार्थियों को खेल मैदान की सुविधा समुचित रूप से नहीं मिल पाती। इस विषय में भी जिला प्रशासन को शिकायत की जा चुकी है।

### सभी नियमों का पालन जरूरी

हायर सेकेण्डरी स्कूल तक संचालित विद्यालयों में शासन के गाईड लाईन के अनुसार सभी तरह की समुचित व्यवस्था संचालन करने वाली संस्था को करनी चाहिए। खेल मैदान भी अतिआवश्यक है उसे शेड बनाकर बाधित करना अनुचित है। इस विषय में पड़ताल की जाएगी। पहले भी बाल विहार विद्यालय में कई तरह की गड़बड़ी की शिकायतें पहुंची है जिसकी जांच चल रही है।

**बलीराम बघेल**
जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर

## पत्रकार संघ के भंडारा में लोगों को मिला खिचड़ी प्रसाद...



**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ ने रविवार को सिटी कोतवाली के सामने भंडारा का आयोजन किया। दोपहर 12 बजे से लगभग 3 घंटे तक सैंकड़ों श्रद्धालुओं को खिचड़ी का भोग खिलाया गया। आरंभ में देवी दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद भंडारा शुरू हुआ। संघ के सभी पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में सदस्यगण शामिल हुए और लोगों को भोग प्रसाद खिलाने में योगदान दिया। इस मौके पर सांसद महेश कश्यप, भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी, टीआई शिवानंद सिंह समेत अनेक समाज सेवी शामिल हुए। अंत में सफाई अभियान में योगदान देने वाले शहर के युवाओं ने स्थल पर पड़े दोना, पानी का पौच और अन्य पदार्थों को हटाने में श्रमदान किया। बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने भंडारा में पहुंचे लोगों का आभार माना है।

## सरस मेला में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन 12 से 19 अक्टूबर तक जगदलपुर के लालबाग मैदान में हो रहा है। इस मेले में लखपति दीदी पहल योजना के तहत रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) और प्रदान व ट्रीफ टीम की उपस्थिति रही। इस कार्यशाला में सरस मेले में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने लखपति दीदी पहल योजना के तहत विविध आजीविका गतिविधियों में अपनी सफलताओं को साझा किया। प्रतिभागियों ने कृषि आधारित, पशुपालन, मत्स्य पालन, हस्तशिल्प, उद्यम, वनोपज आधारित गतिविधियों जैसे कोदो, कुटकी, रागी, बेलमेटल, सीसल, आचार, पापड़, बड़ी, कपड़ा बुनाई, अगरबत्ती निर्माण आदि के माध्यम से अपनी आजीविका सुधारने के अनुभव साझा किए।



# बंगीय समाज दुर्गा मंडप में सिंदूर खेला बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कुम्हारपारा स्थित बंगीय समाज मंडप में देवी दुर्गा प्रतिमा की विदाई से पहले सिंदूर खेला हुआ। जिसमें सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को देवी मां के चरणों में अर्पित सिंदूर का टीका लगाकर सदा सुहागन रहने की कामना की। अंतिम दिन सिंदूर खेला का बंगाली समाज में काफी महत्व है। वैसे भी नवरात्र में दुर्गा स्थापना के सभी दिनों में पूजा अर्चना और भंडारा के भोग प्रसाद के लिए बंगीय समाज के लोग सभी दुर्गा पंडालों में जाकर देवी दर्शन के साथ भोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। रविवार को बंगीय समाज के दुर्गा पंडाल का विर्सजन शाम को किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग नाचते गाते उल्लास के साथ शामिल हुए।

## यात्रियों से दुर्व्यवहार को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ आरपीएफ के असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर को सौंपा मांगपत्र

बस्तर जिला युवा कांग्रेस के शहर जिला उपाध्यक्ष संदीप दास सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा रेलवे स्टेशन में आने वाले बाहरी यात्रियों की सुरक्षा व उनकी बेहतर सुविधाएं प्रदान करने व रेलवे पुलिस आरपीएफ के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के विरूद्ध उचित कार्यवाही को लेकर आरपीएफ के असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर को मांगपत्र सौंपा गया।

संदीप दास ने कहा विगत कई दिनों से यात्रियों की सुरक्षा व उन्हें रेलवे स्टेशन में नही मिलने वाली सुविधाओं साथ ही रेलवे पुलिस आरपीएफ द्वारा यात्रियों के साथ अभद्रता किया जा रहा है। इस समय बस्तर दशहरा सहित नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है यहां का बस्तर दशहरा विश्व प्रसिद्ध माना जाता है। ऐसे में यहां पर प्रदेश सहित देश विदेश से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे समय मे यात्रियों द्वारा रेलवे पुलिस प्रशासन द्वारा अभद्रता करना बेहद निंदनीय है। बाहर से पहुँच रहे यात्रियों को आरपीएफ रेलवे पुलिस द्वारा अपमानित कर नियम कानून की हिदायत देते हुए उन्हें दुर्व्यव्यवहार कर स्टेशन परिसर से भगाया जा रहा हैं। मांगपत्र में उल्लेख है कि यात्रियों के साथ किये गए अभद्र व्यवहार में सम्मलित आरपीएफ के संबंधित अधिकारीयों पर कार्यवाही हो। वही असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर ने मागों व यात्रियों के साथ हुए दूर्वव्यवहार के लिए आरपीएफ पुलिस के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद कोमल सेना, महामंत्री जाहिद हुसैन, महेश दिवेदी, अनुराग महतो, विक्रांत सिंह, शादाब अहमद, उस्मान रजा सहित अन्य मौजूद रहे।

## लामनी पार्क के लिए मिला दो ई-रिक्शा

प्रशिक्षण समिति 2.40 लाख का दिया बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री केदार कश्यप द्वारा शनिवार को शहर के लालबाग स्थित सरस मेला में जैव विविधता जैव विविधता संरक्षण विकास एवं प्रशिक्षण समिति लावणी को 2 लाख 40 हजार रूपए का बोनस तथा दो ई-रिक्शा लामनी पार्क के लिए दिया गया। ई-रिक्शा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा चक्रीय निधि राशि से ऋण पर दिया गया है। जिनका मासिक किस्त समिति को होने वाले आय से जमा किया जाएगा तथा बोनस की राशि पार्क को वर्ष 2023-24 में हुए लाभ से दिया गया है। इस दौरान वन विभाग के सीसीएफ आरसी दुग्गा, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश रात्रे, परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर, लामनी पार्क के प्रभारी उदयनाथ सिंह आदि शामिल रहे।

## झुमते नाचते लोगों ने किया दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन...



जगदलपुर। मिलन संघ आड़ावाल में रविवार शाम मां की प्रतिमा का विसर्जन करने महिला, पुरुष, बच्चे ढाक व संगीत की धुन पर देर रात तक झूमते रहे। इंद्रावती नए पुल के नीचे सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। इस दौरान मिलन संघ के श्याम घोष, श्यामल मोइत्रा, सुब्रतो विश्वास, शांति सरकार, चेतन दास, सपन घोष, तपन राय, विकास सिकदर, चंदन चक्रवर्ती, समित देव, अमित दास, संदीप दास, संजय जाना समेत सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## चार माह में रोपण किए पौधे 7 से 8 फीट तक हुए उंचे

# पौधारोपण के साथ देखभाल से बन पाएंगे वृक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ वन महोत्सव पर 638 मिश्रित पौधों का किया था रोपण

पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना चाहिए। पौधे हमें न सिर्फ आक्सीजन देते बल्कि फूल, फल, औषधि एवं इमारती लकड़ियां भी देते हैं। पौधा लगाना ही काफी नहीं है, समुचित देखभाल भी की जानी चाहिए, ताकि वे वृक्ष बन सकें। वहीं धरमपुरा के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप चार माह पूर्व वन विभाग द्वारा वन महोत्सव पर माई चो छांय पर एक पेड़ मां के नाम पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव की मुख्य अतिथि में 638 मिश्रित पौधों का रोपण किया गया। चार माह में रोपण किए पौधे 7 से 8 फीट तक उंचे हो गए हैं। उक्त बातें डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने चर्चा में कही। एसडीओ देवलाल दुग्गा एवं योगेश रात्रे ने कहा कि रोपे गए पौधों में पानी छिड़काव किया जा रहा है, ताकि जंगल में एक भी पौधा सूख या नष्ट न हो पाए। विभाग द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे रोपने व उनकी सुरक्षा करने का आह्वान किया गया है। इस मौके पर नीम, पाकड़, बरगद, इमली आदि के पौधे रोपे गए। परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए विभाग की ओर से चौकीदार पदस्थ किया गया है, जो पौधों का रखवाली कर रहा है।

### पौधों को सुरक्षित करें

सीसीएफ आरसी दुग्गा ने कहा कि धरती को हरा-भरा करना कर्तव्य है। वर्तमान समय में पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसलिए सभी को पौधे लगाना एवं उन्हें सुरक्षित करें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्टॉल नं.- 22 से 26
बस्तर मड़ई 2024
बस्तर दशहरा-2024 के उपलक्ष में
कोसा एण्ड कॉटन हाथकरघा वस्त्र
आमंत्रण
प्रदर्शनी सह विक्रय
प्रवेश निःशुल्क
दिनांक : 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर - 2024 तक
समय : प्रातः 10.00 से रात्रि 10:30 तक
स्थान - लालबाग ग्राउण्ड, जगदलपुर
20% छूट
मुख्य आकर्षण- महामहिम राष्ट्रपति जी से पुरस्कार प्राप्त बुनकरों द्वारा निर्मित
20% छूट
सिल्क एण्ड कॉटन के आकर्षक हैण्डलूम आईटम
उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ियां, कोसा मलमल कोसा ड्रेस मटेरियल, कोसा सलवार सूट, सूती साड़ियां, दुपट्टा, शर्टिंग, वेडशीट, पीलो कव्हर, लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, कुर्ता-पायजामा, गमछा, नेहरू जैकट, दरी एवं और भी बहुत कुछ
आयोजक - जिला हाथकरघा, जगदलपुर